**सं. 12011/04/2022-प्रशा.VI**

**भारत सरकार**

**वित्त मत्रांलय**

**आर्थिक कार्य विभाग**

**(प्रशासन प्रभाग)**

****

कमरा सं. 230, नॉर्थ ब्लॉक,
नई दिल्ली-110001
दिनांक: 29 सितम्बर, 2023

**परिपत्र**

**विषय: आर्थिक कार्य विभाग, वित्त मंत्रालय में सहायता, लेखा और लेखापरीक्षा नियंत्रक (सामान्य केंद्रीय सेवा, समूह 'क', राजपत्रित, अनुसचिवीय) पे मैट्रिक्स, लेवल-14 में (रु. 144200 - 218200) (पूर्व-संशोधित: पीबी-4, रुपये 37400 - 67000 प्लस ग्रेड पे 10000 रुपये) के पद को प्रतिनियुक्ति / आमेलन आधार पर भरा जाना।**

वित्त मंत्रालय के आर्थिक कार्य विभाग में प्रतिनियुक्ति/आमेलन के आधार पर सहायता, लेखा और लेखा परीक्षा नियंत्रक के पद को भरने के लिए पात्र व्यक्तियों से **अनुबंध- II** के अनुसार निर्धारित प्रोफार्मा में आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं। पद के संबंध में ब्यौरा **अनुबंध-I** में दिया गया है।

2. आवेदकों के नियंत्रण कार्यालयों से अनुरोध है कि ऐसे पात्र उम्मीदवारों के आवेदन जो पद के लिए विचार किए जाने के इच्छुक हैं और जिन्हें चयन होने पर तुरंत कार्यमुक्त किया जा सकता है, पिछले 5 वर्षों के एसीआर/एपीएआर डोजियरसत्यापित फोटोकॉपी के साथ सतर्कताअनापति और सत्यनिष्ठा प्रमाण पत्र, कैडर क्लीयरेंस, पिछले दस वर्षों के दौरान लगाई गई बडी/छोटी शास्ति का विवरण, यदि कोई हो, अधोहस्ताक्षरी को रोजगार समाचार / रोजगार समाचार में इस विज्ञापन के प्रकाशन की तारीख से 60 दिनों की अवधि के भीतर अग्रेषित किया जा सकता है। आवेदकों को बाद की तारीख में अपनी उम्मीदवारी वापस लेने की अनुमति नहीं दी जाएगी। अपेक्षित दस्तावेजों के बिना प्राप्त आवेदनों पर विचार नहीं किया जाएगा। उचित माध्यम से प्राप्त आवेदनों अथवा आवेदनों की अग्रिम प्रतियों पर कोई कार्रवाई नहीं की जायेगी।

संतोष कुमार
29.9.23

**(संतोष कुमार)**
**अवर सचिव, भारत सरकार**
**दूरभाष नंबर 011-23095770**

**प्रतिलिपि प्रेषित:**

1. भारत सरकार के सभी मंत्रालय/विभाग।
2. सहायक संपादक (विज्ञापन), रोजगार समाचार, प्रकाशन विभाग, सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय, 7वीं मंजिल, सूचना भवन , सीजीओ कॉम्प्लेक्स, लोधी रोड, नई दिल्ली को इस अनुरोध के साथ कि उपरोक्त रिक्ति परिपत्र को रोजगार समाचार के आगामी अंक में प्रकाशित कर दें।
3. सीएएऔरए का कार्यालय, जनपथ भवन , नई दिल्ली।
4. निदेशक (एनआईसी) को इस अनुरोध के साथ कि वे इस रिक्ति परिपत्र को आर्थिक कार्य विभाग, वित्त मंत्रालय की वेबसाइट पर अपलोड करवा दें।
5. एनआईसी, डीओपीटी को इस अनुरोध के साथ कि वे इस रिक्ति परिपत्र को डीओपीटी की वेबसाइट पर अपलोड करवा दें।
6. अतिरिक्त प्रतियां-15

**अनुबंध -I**

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1. | पद का नाम | : | सहायता, लेखा और लेखापरीक्षा नियंत्रक |
| 2. | रिक्ति की संख्या | : | एक (01) |
| 3. | वर्गीकरण | : | सामान्य केंद्रीय सेवा,<br>समूह 'क' राजपत्रित, अनुसचिवीय |
| 4. | मंत्रालय/विभाग | : | वित्त मंत्रालय, आर्थिक कार्य विभाग |
| 5. | वेतनमान | : | पे मैट्रिक्स में लेवल-14 (144200–218200 रुपए)<br>(पूर्व-संशोधित: पीबी4रु. 37400 – 67000)प्लस ग्रेड पे रु. 10000) |
| 6. | भर्ती का तरीका | : | प्रतिनियुक्ति/आमेलन |
| 7. | पात्रता शर्तें | : | |

**प्रतिनियुक्ति/आमेलन:**

(क) भारत सरकार के संगठित लेखा सेवाओं और संगठित समूह 'क' सेवाओं के अधिकारी

(i) मूल संवर्ग/विभाग में नियमित आधार पर सदृश पद धारण करना; या

ii) पे मैट्रिक्स में लेवल -13 (रु.123100 - 215900) (पूर्व-संशोधित: पीबी -4 रु37400 - 67000 प्लस ग्रेड पे रु. 8700) में नियमित आधार पर नियुक्ति के बाद प्रदान किए गए ग्रेड में तीन साल की सेवा के साथ या मूल संवर्ग/विभाग में समकक्ष; तथा

(ख) बजट, सार्वजनिक वित्त के लेखांकन, ऋण प्रबंधन और बाहरी वित्त / बाहरी सहायता सहित खातों के मामलों को संभालने में 15 साल का अनुभव रखते हों।

(प्रतिनियुक्ति की अवधि, केंद्र सरकार के उसी या किसी अन्य संगठन/विभाग में इस नियुक्ति से ठीक पहले धारित किसी अन्य संवर्ग बाह्य पद पर प्रतिनियुक्ति की अवधि सहित सामान्यत: पांच वर्ष से अधिक नहीं होगी। प्रतिनियुक्ति द्वारा नियुक्ति के लिए अधिकतम आयु सीमा आवेदन प्राप्ति की अंतिम तिथि को 58 वर्ष से अधिक नहीं होगी।

8. आवेदन की अंतिम तिथि : रोजगार समाचार पत्र में रिक्ति परिपत्र के प्रकाशन की तारीख से 60 दिन

संतोष कुमार
29.9.23

**अनुबंध-II**

## जीवन-वृत्त

पासपोर्ट साइज
फोटो चिपकाएं

| | | |
|---|---|---|
| 1. | आवेदित पद | |
| 2. | नाम और पता (बड़े अक्षरों में) | |
| 3. | दूरभाष नं. और ईमेल पता | |
| 4. | जन्म तिथि | |
| 5. | सेवा में प्रवेश की तिथि | |
| 6. | केंद्र/राज्य सरकार के नियमों के तहत सेवानिवृत्ति की तिथि | |
| 7. | शैक्षिक अर्हता | |
| 8. | क्या इस पद के लिए अपेक्षित शैक्षणिक और अन्य अर्हताएं पूरी करते हैं। (यदि किसी योग्यता को नियमों में निर्धारित योग्यता के समतुल्य माना गया है, तो उसके लिए प्राधिकरण का उल्लेख करें) | |
| | अपेक्षित अर्हता/अनुभव जैसा कि विज्ञापन/रिक्ति परिपत्र में उल्लिखित है | अधिकारी के पास अर्हताएं / अनुभव |
| अनिवार्य | | अनिवार्य |
| | क) अर्हता | क) अर्हता |
| | ख) अनुभव | ख) अनुभव |
| वांछनीय | | वांछनीय |
| | क) अर्हता | क) अर्हता |
| | ख) अनुभव | ख) अनुभव |
| 8.1 | उपाधि और स्नातकोत्तर अर्हताओं के मामले में अभ्यर्थी द्वारा वैकल्पिक / मुख्य विषयों और विषयों और सहायक विषयों को निर्दिष्ट करें | |
| 9. | कृपया स्पष्ट रूप से बताएं कि क्या आपके द्वारा ऊपर की गई प्रविष्टियों के आलोक में, आप इस पद के लिए अपेक्षित अनिवार्य अर्हताओं और कार्य अनुभव को पूरा करते हैं। | |
| 10. | रोजगार काकालानुक्रमिक क्रम में ब्यौरा यदि नीचे दिया गया स्थान अपर्याप्त है, तो अपने हस्ताक्षर द्वारा विधिवत रुप से प्रमाणित एक अलग पत्रक संलग्न करें। | |

| कार्यालय/संस्था | नियमित आधार पर | से | तक | * नियमित आधार पर धारित पद के वेतन | आवेदित पद के लिए अपेक्षित अनुभव का |
|---|---|---|---|---|---|

संतोष कुमार
29.9.23

| | धारित पद | | | मैट्रिक्स में वेतनमान/वेतन बैंड ग्रेड पे//स्तर के साथ | उल्लेख करते हुए कार्यो की प्रकृति(विस्तार से) |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | |

* **महत्वपूर्ण:** एसीपी/एमएसीपी के तहत प्रदत्त ग्रेड पे सहित वेतन बैंड और वेतन मैट्रिक्स में स्तर, अधिकारी के लिए व्यक्तिगत है और इसलिए, इसका उल्लेख न किया जाए। केवल नियमित आधार पर धारित पद के पे बैंड और ग्रेड पे/वेतनमान का उल्लेख किया जाए। वर्तमान वेतन बैंड और ग्रेड पे के साथ एसीपी/एमएसीपी का ब्यौरा जहां अभ्यर्थी द्वारा इस तरह के लाभ प्राप्त किए गए हैं, नीचे दर्शाया जाए;

| कार्यालय/संस्था | एसीपी/एमएसीपी योजना के तहत आहरित वेतन ग्रेड पे सहित वेतन बैंड और वेतन मैट्रिक्स में लेवल | से | तक |
|---|---|---|---|
| | | | |

| | | |
|---|---|---|
| 11. | वर्तमान रोजगार की प्रकृति अर्थात्, तदर्थ या अस्थायी या अर्ध-स्थायी या स्थायी | |
| 12. | यदि वर्तमान रोजगार प्रतिनियुक्ति/संविदा आधार पर है, तो कृपया बताएं- | |

| क) प्रारंभिक नियुक्ति की तारीख | ख) प्रतिनियुक्ति/संविदा आधार पर नियुक्ति की अवधि | ग) मूल कार्यालय/संगठन का नाम जिससे आवेदक संबंधित है। | घ) मूल संगठन में मूल रूप में धारित पद का नाम और पद का वेतन |
|---|---|---|---|
| | | | |

| | | |
|---|---|---|
| 12.1 | **टिप्पणी:**जो अधिकारी पहले से ही प्रतिनियुक्ति पर हैं,के मामले में, ऐसे अधिकारियों के आवेदन मूल संवर्ग/विभाग द्वारा संवर्ग अनापत्ति, सतर्कता अनापत्ति और सत्यनिष्ठा प्रमाण-पत्र के साथ अग्रेषित किए जाएं। | |
| 12.2 | **टिप्पणी:** उपरोक्त कॉलम 9 (ग) और (घ) के तहत सूचना उन सभी मामलों में दी जाए, जहां किसी व्यक्ति ने संवर्ग/संगठन के बाहर प्रतिनियुक्ति पर कोई पद धारण किया हो लेकिन अभी भी अपने मूल संवर्ग/संगठन में धारणाधिकार रखे हुए है। | |
| 13 | यदि आवेदक ने पूर्व में प्रतिनियुक्ति पर कोई पद धारित किया है,अंतिम प्रतिनियुक्ति से वापसी की तिथि और अन्य ब्यौरा। | |
| 14. | **वर्तमान रोजगार के बारे में अतिरिक्त** | |

संतोष कुमार
29.9.23

| | | |
|---|---|---|
| | **ब्यौरा:**<br>कृपया बताएं कि क्या आप निम्नलिखित के तहत कार्यरत हैं (संबंधित कॉलम के सामने अपने नियोक्ता का नाम दर्शाएं)<br>क) केंद्र सरकार<br>ख) राज्य सरकार<br>ग) स्वायत्त संगठन<br>घ) सरकारी उपक्रम<br>ङ.) विश्वविद्यालय<br>च) अन्य | |
| 15. | कृपया बताएं कि क्या आप इसी विभाग में कार्यरत हैं और फीडर ग्रेड या फीडर से फीडर ग्रेड में हैं। | |
| 16. | क्या आप संशोधित वेतनमान में हैं? यदि हाँ, तो संशोधन की तारीख बताएं और पूर्व-संशोधित वेतनमान का भी उल्लेख करें। | |
| 17. | इस समय प्रति माह आहरित कुल परिलब्धियां | |
| | | |

| मूल वेतन और वेतन मैट्रिक्स का स्तर | कुल परिलब्धियां |
|---|---|
| | |

| 18. | यदि आवेदक किसी ऐसे संगठन से संबंधित है जो केंद्र सरकार के वेतनमान का अनुपालन नहीं कर रहा है, तो निम्नलिखित ब्यौरा दर्शाते हुए संगठन द्वारा जारी नवीनतम वेतन पर्ची संलग्न करें। |
|---|---|

| वेतनमान और वेतन वृद्धि की दर के साथ मूल वेतन | महंगाई वेतन/अंतरिम राहत/अन्य भत्ते आदि, (विवरण सहित ब्यौरा) | कुल परिलब्धियां |
|---|---|---|
| | | |

| | | |
|---|---|---|
| 19. | इस पद के लिए आपकी उपयुक्तता के समर्थन में आपके द्वारा आवेदन किए गए पद से संबंधित अतिरिक्त जानकारी, यदि कोई हो।<br>इसके अलावा (i) अतिरिक्त शैक्षणिक अर्हताएं (ii) व्यावसायिक प्रशिक्षण और (iii) रिक्ति परिपत्र/विज्ञापन में निर्धारित कार्य अनुभव के संबंध में जानकारी प्रदान करें)<br>**(टिप्पणी: यदि स्थान अपर्याप्त हो, तो एक अलग पत्रक संलग्न करें)** | |
| 20. | कृपया बताएं कि क्या आप प्रतिनियुक्ति/आमेलन आधार पर आवेदन कर रहे हैं। | |

संतोष कुमार
29.9.23

| | | |
|---|---|---|
| 21. | क्या आप अनु.जाति/अनु.जनजाति से संबंधित हैं। | |

मैंने रिक्ति परिपत्र/विज्ञापन को ध्यान से देखा है और मुझे अच्छी तरह से पता है कि मेरे द्वारा प्रस्तुत अनिवार्य अर्हता/कार्य अनुभव के संबंध में दस्तावेजों द्वारा विधिवत रूप से समर्थित जीवन-वृत्त में दी गई जानकारी का भी चयन समिति द्वारा इस पद के लिए चयन के समय मूल्यांकन किया जाएगा। मेरे द्वारा प्रदान की गई जानकारी/ब्यौरा मेरी सर्वोतम जानकारी के अनुसार सही और सत्य है और मेरे चयन पर असर डालने वाले किसी भी तथ्य को छुपाया/विधारित नहीं किया गया है।

संतोष कुमार
29·9·23

**(अभ्यर्थी के हस्ताक्षर)**

पता________________________

________________________

दिनांक__________________

**नियोक्ता / संवर्ग नियंत्रक प्राधिकारी द्वारा प्रमाणन**

आवेदक द्वारा उपरोक्त आवेदन में दी गई सूचना/ब्यौरा अभिलेखों में उपलब्ध तथ्यों के अनुसार सत्य एवं सही है। आवेदक के पास रिक्ति परिपत्र में उल्लिखित शैक्षणिक अर्हताएं और अनुभव हैं। चयन होने पर, इन्हें तत्काल कार्यमुक्त कर दिया जाएगा।

2. **यह भी प्रमाणित किया जाता है कि;**

i)श्री/श्रीमती________________________के विरुद्ध कोई सतर्कता या अनुशासनात्मक मामला लंबित/विचाराधीन नहीं है।

ii) इनकी सत्यनिष्ठा प्रमाणित है।

iii) इनका मूल सीआर डोजियर संलग्न है/भारत सरकार के अवर सचिव या उससे ऊपर की रैंक के अधिकारी द्वारा विधिवत् रूप से प्रमाणित पिछले 5 वर्षों के एसीआर की प्रतियां संलग्न हैं।

iv) पिछले 10 वर्षों के दौरान इन पर कोई बड़ी/छोटी शास्ति नहीं लगाई गई है **या** पिछले 10 वर्षों के दौरान इन पर लगाई गई बड़ी/छोटी शास्तियों की सूची संलग्न है (जैसा भी मामला हो)।

**प्रतिहस्ताक्षरित**

**(नियोक्ता/संवर्ग नियंत्रक प्राधिकारी की मुहर सहित)**